**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**13.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19.45 बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- भाजपा ने राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे 3 साल के कार्यकाल के जश्न को औचित्यहीन दिया करार।
- स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा– समाज के कमज़ोर वर्गों के कल्याण के लिए सरकार प्रयासरत।
- प्रदेश में स्वास्थ्य व चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयुर्वेदिक अस्पतालों में पंचकर्मा तकनीशियन पाठ्यक्रम होंगे शुरू।

**और**

- नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा– आने वाले समय में स्कूलों में शिक्षा संवाद कार्यक्रम किया जाएगा शुरू।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज शिमला में उनसे मिलने आए हिमाचल प्रदेश राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान उन्होंने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश शिक्षा की गुणवत्ता के मामले में देश में 21वें स्थान पर था, जबकि वर्तमान सरकार के समन्वित प्रयासों से अब राज्य पांचवें स्थान पर है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार लाने के लिए पहले चरण में सौ स्कूलों को सीबीएसई आधारित बनाया जा रहा है।

**भाजपा**

भाजपा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा 3 साल का कार्यकाल पूरा होने पर जश्न आयोजित करने के निर्णय को औचित्यहीन करार दिया है। शिमला से जारी एक बयान में प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता व विधायक त्रिलोक जमवाल और प्रदेश मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने इस कार्यकाल में केवल जनता को परेशान करने और राज्य पर आर्थिक बोझ डालने का कार्य किया है तो ऐसे में जश्न किस बात का। रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में केवल भ्रष्टाचार, महंगाई, अव्यवस्थित कानून व्यवस्था और चुनावी गारंटियों पर जनता को गुमराह करने का बोलबाला रहा है।

**धनीराम शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि राज्य सरकार समाज के कमज़ोर वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। आज सोलन में राज्य अनुसूचित जाति व जनजाति विकास निगम के स्थापना दिवस पर लाभार्थियों व निगम के कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये निगम लक्षित वर्गों के कल्याण को लेकर कार्य कर रहा है और ऋण प्रदान कर अनेक लक्षित व्यक्तियों के जीवन में सुधार लाने में मददगार बना है। इस दौरान शांडिल ने हिम स्वावलंबन और शिक्षा ऋण योजना के तहत लाभार्थियों को 40 लाख 30 हज़ार रूपये के ऋण के चैके वितरित किए। इससे पहले उन्होंने आज सलोगड़ा स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस स्कूल को लेकर अनियमितताएं बरतने के आरोपों पर स्वास्थ्य मंत्री ने इसके निर्माण कार्यों की जांच का ग्रामीणों को आश्वासन दिया।

**जगत नेगी**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार जनजातीय इलाकों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। वे आज किन्नौर ज़िला के निचार उपमंडल की भावा वैली में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने काफनू पंचायत में हैल्थ वैलनेस सैंटर, राजकीय प्राथमिक पाठशाला काफनू के अतिरिक्त भवन व सामुदायिक शौचालय का लोकार्पण किया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार दृढ़ता से प्रयास कर रही है।

**पाठ्यक्रम**

राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य और चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केरल की तर्ज पर पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में प्रशिक्षण के अवसरों का विस्तार करेगी। इसी उद्देश्य से आयुष विभाग अगले शैक्षणिक सत्र से राज्य के 12 आयुर्वेदिक अस्पतालों में एक वर्षीय पंचकर्मा तकनीशियन पाठ्यक्रम शुरू करेगा, जिसमें 2 सौ 52 छात्रों को प्रवेश मिलेगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मौजूदा समय में प्रदेश में इस पाठ्यक्रम के लिए केवल 36 सीटें उपलब्ध हैं, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों के बाद अब इन्हें बढ़ाकर 2 सौ 52 किया जाएगा।

**कुलदीप पठानिया**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि राज्य सरकार गुणवत्तायुक्त शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वे आज चंबा ज़िला के भटियात विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगढ़ार के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया।

**धर्माणी**

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि आने वाले समय में स्कूलों में शिक्षा संवाद कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से स्कूलों के बच्चे व अभिभावक भाग लेंगे और शिक्षा क्षेत्र में होने वाले सुधारों की ज़रूरत पर चर्चा की जाएगी। राजेश धर्माणी आज घुमारवीं में एक निजी स्कूल के वार्षिक दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चों को रचनात्मक और नवोन्मेषी विचारों से सुसज्जित करने के लिए घर व विद्यालय में सकारात्मक माहौल आवश्यक है।

**महिला सम्मेलन**

जनजातीय जिला किन्नौर में महिलाओं को पैतृक संपत्ति के अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कल रिकांगपिओ में एक बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता रत्न मंजरी नेगी की पहल पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बैठक में संबंधित विषय पर विचार विमर्श किया जाएगा और उपायुक्त के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**नगर निगम शिमला**

वस्त्र मंत्रालय और हिमाचल हैंडीक्राफ्ट के संयुक्त तत्वाधान में शिमला में 50 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान "एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन" योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को क्रोशिया कार्य के लिए नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान ने 20 मशीनें वितरित कीं। प्रशिक्षण में शामिल महिलाओं ने कहा कि यह पहल उनके लिए मददगार साबित होगी।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने विद्यार्थियों से पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहकर जीवन के व्यवहारिक अनुभवों को सीखने का आह्वान किया है। वे आज मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए पदम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता प्राप्त करना नहीं, बल्कि अच्छे नागरिक बनकर समाज में सकारात्मक योगदान देना होना चाहिए। इस दौरान विक्रमादित्य सिंह ने करीब 3 सौ मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।

## ''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- भाजपा ने राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे 3 साल के कार्यकाल के जश्न को औचित्यहीन दिया करार।
- स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा– समाज के कमज़ोर वर्गों के कल्याण के लिए सरकार प्रयासरत।
- प्रदेश में स्वास्थ्य व चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयुर्वेदिक अस्पतालों में पंचकर्मा तकनीशियन पाठ्यक्रम होंगे शुरू।

**और**

- नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा– आने वाले समय में स्कूलों में शिक्षा संवाद कार्यक्रम किया जाएगा शुरू।

-----------------------------------------------------------------------------------------------